# राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
बिहार लोक भवन, पटना–800022


## प्रेस–विज्ञप्ति

*संख्या–154/2026*

## राज्यपाल ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बिहारवासियों व देशवासियों को शुभकामनाएँ दी

**पटना 14 अगस्त, 2026** :–माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने स्वतंत्रता दिवस, 2026 के अवसर पर सभी बिहारवासियों एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है।

उन्होंने देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले सभी वीर शहीदों तथा महान स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया है।

अपने शुभकामना संदेश में राज्यपाल ने कहा है कि इस अवसर पर सभी देशवासियों को आपसी प्रेम और भाईचारा की भावना के साथ देश की एकता और अखंडता को मजबूत रखने तथा भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सदैव सजग, तत्पर और प्रयत्नशील रहना चाहिए। राज्यपाल ने विश्वास व्यक्त किया है कि राज्यवासियों के निष्ठा एवं परिश्रम से बिहार विकास के पथ पर सतत आगे बढ़ेगा तथा भारतवर्ष की गरिमा भी बढ़ेगी।

........................................